समाचार
स्वच्छ भारत मिशन
सातवें चरण का स्वच्छता पखवाड़ा
डॉ.सुरजीत सिंह हास्पिटल में किया गया सफाई कार्य
(निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं नागरिकों ने दी सहभागिता)

कोरबा 18 फरवरी 2016 –सातवें चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज डॉ.सुरजीत सिंह हास्पिटल में विशेष रूप से स्वच्छता कार्यो का संपादन कराया गया। इस मौके पर निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारियों व क्षेत्र के नागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता देते हुए साफ–सफाई कार्यो का विशेष रूप से संपादन कराया।

भारत शासन के दिशा निर्देशों के तहत '' स्वच्छ भारत मिशन '' के अंतर्गत पृथक–पृथक विषयों पर केन्द्रित स्वच्छता पखवाड़ों का आयोजन किया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण प्रदेश के साथ–साथ कोरबा जिले के नगरीय निकायों में भी कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में इन स्वच्छता पखवाड़ों का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन व निगम आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में छः चरण के स्वच्छता पखवाड़ों के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात सातवे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा शुरू किया गया। '' चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केन्द्र संस्थान '' की थीम पर आयोजित इस पखवाड़े की शुरूआत न्यू कोरबा हास्पिटल कोरबा से करने के पश्चात आज तीसरे दिन डॉ.सुरजीत सिंह हास्पिटल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं नागरिकों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में विशेष रूप से साफ–सफाई का कार्य संपादित कराया। पार्षद दिनेश वैष्णव, डॉ. सुरजीत सिंह , निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी हास्पिटल स्टाफ एवं आमनागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया।

19 फरवरी को स्वास्थ्य केन्द्र ढोढ़ीपारा में होगा कार्य–सातवे चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत 19 फरवरी को स्वास्थ्य केन्द्र ढोढ़ीपारा कोरबा में विशेष साफ–सफाई कार्य किया जाएगा। निगम द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं

नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता दें। इसी प्रकार 22 फरवरी को एस.ई.सी.एल. चिकित्सालय कोरबा में, 23 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांकीमोंगरा में, 24 फरवरी को इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय कोरबा में, 25 फरवरी को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर में, 26 फरवरी को बालको हास्पिटल कोरबा में, 27 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटाईनार कोरबा में एवं 29 फरवरी को एन.टी.पी.सी. चिकित्सालय कोरबा में विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया जाएगा।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)